Babasaheb Bhimrao Ambedkar
Bihar University
Muzaffarpur (Bihar)-842001

{Website:-www.brabu.ac.in}

Ref. No. B/2840 Dated 16/12/2025

सेवा में,
1. सभी विभागाध्यक्ष / विभागाध्यक्षा
विश्वविद्यालय स्नातकोत्तर विभाग
बी.आर.अम्बेडकर बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर
2. सभी प्राचार्य / प्राचार्या
अंगीभूत महाविद्यालय
बी.आर.अम्बेडकर बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर

विषय:- दैनिक जागरण के अभियान जागरण युवा संसद : देश के कल में ,आज बने भागीदार हेतु।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में निदेशानुसार दीपक राज, BRAND MANAGER, दैनिक जागरण के अनुरोध पत्र को इस पत्र के साथ आपके सुलभ अवलोकनार्थ एवं सूचनार्थ संलग्न करते हुए यह सूचित करना है कि दैनिक जागरण के अभियान जागरण युवा संसद : देश के कल में ,आज बने भागीदार हेतु पच्चीस वर्ष तक के आयु का कोई भी युवा / स्नातक / स्नाकोत्तर स्तर के छात्र-छात्राओं को भाग लेने हेतु प्रेरित / अवगत कराया जाना आवश्यक है।

उक्त अभियान में भाग लेने हेतु पंजीकरण लिंक :- https://www.jagranyuvasansad.com/ और पंजीकरण की अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2025 एवं आवेदन के लिये नियम एवं शर्तें संलग्नक पृष्ट 02 पर उपलब्ध है। अतएव आपसे अनुरोध है कि उक्त जानकारी को सभी छात्र-छात्राओं के बीच प्रसारित करने की कृपा करें।


कुलसचिव

ज्ञापांक B/2840 दिनांक 16/12/2025

प्रतिलिपि :- सभी संबंधित / दीपक राज, BRAND MANAGER, दैनिक जागरण / कुलपति के निजी सहायक / कुलसचिव के स्टेनो, बी.आर.अम्बेडकर बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ हेतु प्रस्तुत।

कुलसचिव

Scanned with OKEN Scanner




विजेताओं को प्रमाण पत्र के साथ मिलेगा आकर्षक पुरस्कार

| 1 | 2 | 3 |
|---|---|---|
| प्रथम पुरस्कार (स्वर्ण पदक) | द्वितीय पुरस्कार (रजत पदक) | तृतीय पुरस्कार (कांस्य पद) |

अपने साथी के साथ देश के युवाओं की सबसे बड़ी बहस का हिस्सा बनें

अधिक जानकारी और आवेदन हेतु क्यू आर कोड स्कैन करें

**आवेदन शुरू...**

वाद-विवाद प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए अपना साथी चुनें और अभी आवेदन करें
jagranyuvasansad.com

**संपर्क सूत्र : दीपक राज, मो. - 9430695175**

Scanned with OKEN Scanner
Scanned with OKEN Scanner

2

दैनिक जागरण
युवा संसद

# देश के कल में आज बनें भागीदार

## आवेदन के नियम एवं शर्तें

जागरण युवा संसद (JYP) की चयन प्रक्रिया केवल वाद-विवाद प्रतियोगिता के माध्यम से होगी। वाद-विवाद प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए निम्नलिखित प्रक्रिया का पालन करना आवश्यक है

1. केवल मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/कालेज के स्नातक (UG) और स्नातकोत्तर (PG) छात्र ही आवेदन कर सकते हैं।
2. आवेदकों को दो सदस्यीय टीम के रूप में आवेदन करना होगा।
3. टीम के दोनों सदस्य (साथी) एक ही फार्म में क्रमशः प्रतिभागी 1 और प्रतिभागी 2 के रूप में अपनी जानकारी भरेंगे।
4. फार्म के सभी कालम भरना अनिवार्य है।
5. पहचान प्रमाण के रूप में केवल मान्य कालेज पहचान पत्र (I-Card) ही अपलोड किया जा सकता है।
6. टीम को वाद-विवाद के लिए दिए गए विषयों (मोशन) में से एक का चयन करना होगा।
7. टीम का एक सदस्य, चुने गए विषय के पक्ष में और दूसरा सदस्य विपक्ष में अपने विचार रखेंगे।
8. आवेदकों को हिंदी या अंग्रेजी में से अपनी एक पसंदीदा भाषा का चयन करना होगा।
9. पंजीकरण की पुष्टि, आवेदकों द्वारा दिए गए ईमेल आईडी पर भेजी जाएगी।
10. एक जोड़ी केवल एक बार ही पंजीकरण कर सकती है।
11. वाद-विवाद प्रतियोगिता कालेज/विश्वविद्यालय स्तर पर आयोजित की जाएगी।
12. विजेताओं का चयन निर्णायक मंडल (जूरी) द्वारा टीम के रूप में किया जाएगा, व्यक्तिगत रूप से नहीं।
13. चयनित टीम को ईमेल के माध्यम से सूचित किया जाएगा।

Scanned with OKEN Scanner

दैनिक जागरण
THE WORLD'S LARGEST READ DAILY

Jagran

सेवा में,
प्रो. दिनेश चंद्र राय

(कुलपति) बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर

दैनिक जागरण के अभियान जागरण युवा संसद : देश के कल में, आज बनें भागीदार हेतु

महोदय,

देश के सर्वाधिक पढ़े जाने वाले समाचार पत्र दैनिक जागरण के अभियान जागरण युवा संसद : देश के कल में, आज बनें भागीदार की शुरुआत इस माह से प्रारम्भ हो चुकी है। जागरण युवा संसद दैनिक जागरण की एक पहल है जो अगली पीढ़ी के प्रतिनिधियों/नीति निर्णायकों के बौद्धिक और मानसिक संरचना को सुगठित, प्रभावी और संसदीय बनाने के लिए संकल्पित है। जागरण युवा संसद मानता है कि भारत की सबसे जटिल चुनौतियों का समाधान पुराने विचारों से नहीं, बल्कि नए दृष्टिकोणों से संभव है। यही कारण है कि जागरण युवा संसद सुगठित वाद-विवाद और विचार विमर्श के माध्यम से जहाँ एक ओर देश के युवाओं की नेतृत्व क्षमता और अभिव्यक्ति कौशल को विकसित करता है, वहीं, नागरिक भागीदारी को प्रेरित भी करता है।

युवाओं की सजग भागीदारी संसार के सबसे बड़े लोकतंत्र की सफलता के लिए अनिवार्य और निर्णायक है। देश में 65% लोग 35 वर्ष से कम उम्र के हैं और उनकी सजग सक्रियता से ही भारत संसार के अग्रणी देशों में शामिल हो सकता है। संसदीय लोकतांत्रिक व्यवस्था और उसके सभी आयामों के विषय में युवाओं की समझ विकसित करने के उद्देश्य से दैनिक जागरण ने एक बड़ी पहल करते हुए 'जागरण युवा संसद' कार्यक्रम की शुरुआत की है।

युवाओं में लोकतंत्र के संस्कार भरने के उद्देश्य से स्थापित एक मंच है, "जागरण युवा संसद" जिसका उद्देश्य युवाओं में सक्रिय और जिम्मेदार नागरिकताबोध को बढ़ावा देना है। ऐसा मंच जो संसदीय व्यवस्था और लोकतांत्रिक संस्थाओं के आपसी सहयोग से वैश्विक, राष्ट्रीय एवं स्थानीय नीतियों के निर्माण की प्रक्रिया के बारे में समझ विकसित की जाती है।

सोशल मीडिया की लोकप्रिय मगर अक्सर अज्ञानपूर्ण बहसों और अपसूचनाओं से दूर, जागरण युवा संसद अपने सदस्यों को न्याय, समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व जैसे संवैधानिक मूल्यों में गहरी जड़ें जमाने के साथ-साथ, अपनी जानकारी बढ़ाने और संसदीय विधि से बहस करने का कौशल सीखने का अवसर भी प्रदान करता है।

पंजीकरण लिंक– https://www.jagranyuvasansad.com/ & पंजीकरण की अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2025 है।

सारतः जागरण युवा संसद के तीन प्रमुख उद्देश्य हैं:

1. युवाओं को लोकतंत्र और उसकी प्रक्रियाओं की शिक्षा देकर लोकतंत्र को मजबूत करना।
2. ऐसा सीखने का माहौल तैयार करना जिसमें युवा दिमाग सोचें, बहस करें, चिंतन करें और सक्रिय तथा जिम्मेदार नागरिकता के विभिन्न पहलुओं को सीखें।
3. युवाओं को विधायी प्रक्रिया में नागरिक भागीदारी सीखने का अवसर प्रदान करना

देश के विभिन हिस्सों से चुने गए 100 जागरण युवा सांसद राजधानी दिल्ली में तीन दिवसीय कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे जिसकी संरचना भारतीय संसद के प्रतिरूप जैसी होगी। पक्ष और विपक्ष के सदस्यों के रूप में शपथ लेकर युवा चुनिंदा विधेयकों और राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों पर बहस करके संशोधन प्रस्तावित करेंगे. युवा संसद द्वारा पारित विधेयकों, जिनमें उसके सदस्यों द्वारा प्रस्तुत 'प्राइवेट मेम्बर बिल' भी शामिल होंगे, पर हुई बहस और उसमें प्रस्तावित संशोधनों को जागरण में प्रमुखता से प्रकाशित किया जाएगा.

दिल्ली में जागरण युवा संसद के सत्र से पूर्व विशेषज्ञों द्वारा चुने गए प्रतिभागियों को संसदीय लोकतंत्र के मूल आधारों तथा विधेयकों और मुद्दों पर बहस करने के कौशल से संबंधित 15 दिवसीय ऑनलाइन प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

देश के किसी भी हिस्से से, पच्चीस वर्ष तक की आयु का कोई भी युवा इसमें भाग ले सकता है। जागरण इसके लिए देश के कई शहरों में महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में चर्चा एवं बहस के सत्र आयोजित करने जा रहा है. स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर पर अलग-अलग होने वाले इन सत्रों की तिथियाँ जागरण के स्थानीय संस्करणों में प्रकाशित की जाएगी। प्रतिभागियों को विषय वस्तु की समझ, संप्रेषण दक्षता और लोकतांत्रिक व्यवहार के आधार पर चुना जाएगा।
अतः आपसे निवेदन है कि इस अभियान हेतु अपने प्रतिष्ठित संस्थान के मेधावी छात्रों को प्रोत्साहित करें और वाद-विवाद में हिस्सा लेने की अनुमति प्रदान करें।

सादर

[दीपक राज]
दीपक राज
[BRAND MANAGER] [दैनिक जागरण]

फ़ोन: 9430695175 ,ई-मेल: [deepak.kumar@mzf.jagran.com]

Circulate to the PG Depts & all constituents colleges for activity participation.
[signature] 15/12/25



Scanned with OKEN Scanner
Scanned with OKEN Scanner